## मेष



**01 से 06 फरवरी तक**-सप्ताह **सुखपूर्वक** रहेगा। व्यवसाय में **लाभ** की प्राप्ति होगी। व्यवसाय के विकास हेतु कोई नई मशीन आदि खरीद सकते है। कर्मचारियों के साथ अच्छा ताल-मेल बिठायेंगे साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को **ऋण** की व्यवस्था बनायेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक**-शांत मन से अपने सिद्धान्तों का विश्लेषण कर उचित परिवर्तन करे। **मौसम के अनुसार** आहार सेवन करे व पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर पियें। घर में कोई घरेलू कार्य में व्यस्त रहेंगे। **शत्रु** सक्रीय रहेंगे, प्रतिकूल फल प्राप्त हो सकता है, सतर्क रहे। कोई **बुरी आदत** को त्याग करने व सम्मोहनीय व्यक्तित्व प्राप्त करने की कोशिश करेंगे पर असफल होंगे। आप **सर्व बाधा आशंका निवारक विजय प्राप्ति एकादशी श्रीहरि दीक्षा** ग्रहण करें सफल होंगे। **न्यौ. ₹2600**

**14 से 20 फरवरी तक**- समय **लाभदायक** है। कोई पुराना फंसा हुआ धन इस समय प्राप्त होगा। परिवार के साथ **शिव जी** का दर्शन करेंगे। आप **योजनाबद्ध** तरीके से काम करेंगे जिससे **सफलता** मिल सकती है। परिवार के लोगों में छोटा-मोटा विवाद संभव है।

**21 से 29 फरवरी तक**- बात करते समय **सोच-विचार** कर बात करे। **मान-प्रतिष्ठा** में वृद्धि होगी। नौकरी में **पदोन्नति** हो सकती है। **सरकारी काम** में आ रही **बाधायें** समाप्त होगी। **विद्यार्थी वर्ग** के लिये समय **श्रेयस्कर** है। कोई **अज्ञात** भय सतायेगा। बड़े बुजुर्गो के **स्वास्थ्य** को लेकर अस्पताल का चक्कर काटना पड़ सकता है। आकस्मिक धन हानि होगी। आपकी **आंतरिक चेतना** में विकास होगा।

**शुभ तिथियाँ 02,08,11,28**

## वृषभ



**01 से 06 फरवरी तक**- माह की शुरूआत **विद्यार्थी वर्ग** के लिये **शुभदायक** है। पढ़ाई में मन स्थिर रहेगा। स्पर्धा में कोई इनाम भी प्राप्त होगा। कहीं बाहर जा सकते है। **व्यापारिक यात्रा** लाभदायक साबित होगी। मित्र के **वैवाहिक समारोह** में जा सकते है।

**07 से 13 फरवरी तक**- **सास-बहु** में **अनबन** हो सकती है। मामूली-सी कहासूनी बड़े झगड़े का रूप ले लेगी सावधान रहे। आप **धार्मिक कार्यो** में रूचि रखेंगे। **धनागमन की संभावना है।** आप **दृढ़ संकल्प** के सहारें **श्रेष्ठ कार्यो** को सम्पन्न करेंगे। आप रोजमर्रा के कार्यो में व्यस्त रहने के बावजूद अपने **लक्ष्यों** की ओर अग्रसर रहेंगे। आप बच्चों के साथ **क्रोधित** न होकर समझाने की कोशिश करेंगे तो **अच्छा परिणाम** प्राप्त होगा।


**14 से 20 फरवरी तक**- खान-पान पर ध्यान रखें अन्यथा चिकित्सालय का चक्कर काटना पड़ सकता है। **निवेश** अच्छी तरह से **सोच -समझकर** करें। प्रेम संबंधों में गलतफहमी परेशानी का कारण बनेगी। **ज्ञान-भोग मोक्ष सौभाग्य प्रदायिनी आद्याशक्ति महात्रिपुर सुन्दरी दीक्षा** प्राप्त करें अनुकूलता प्राप्त होगी।

**न्यौछावर ₹2600**

**21 से 29 फरवरी तक**-इस सप्ताह आप अपनी **मनोकामना** पूर्ण कर पायेंगे। आपको सहयोगी जनों की सहायता प्राप्त होगी। जीवन के हर पहलू पर कड़ी **प्रतियोगिता** के कारण आप में **गंभीरता** विद्यमान रहेगी। सारी **रूकावटों** को पार करने के बाद **सफलता** मिलेगी। आप इस समय **स्वावलम्बी** बनेंगे। अपने भविष्य के प्रति सजग रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 15,17,21,26**

## मिथुन



**01 से 06 फरवरी तक**- माह का प्रथम दिन **शुभदायक** रहेगा। वातावरण के अनुसार अपने आपको रूपांतरित करने की कला आपको पता रहेगी। क्षण का महत्त्व आपको पता रहेगा। जिससे आप समय का सही उपयोग करेंगे। **महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों** का सम्पर्क प्राप्त होगा।

**07 से 13 फरवरी तक**- श्रेष्ठ कार्यो को सम्पन्न करेंगे। पुराना रोग उबर सकता है। कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी चुनौतियों का सामना करने के लिये आप तैयार रहेंगे जिससे आप उस रास्ते पर तेजी से अग्रसर होंगे। समय **लाभदायक** रहेगा। सरकारी निवेश के लिये समय **अनुकूल** है। पारिवारिक वातावरण **प्रेममय** रहेगा। यात्रा में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**14 से 20 फरवरी तक**- समय आपके **अनुकूल** नहीं है। **शत्रु सक्रिय** रहेंगे। कोई **घोर संकट** की संभावना है। किसी के शब्दों के जाल में न फंसे, विश्लेषण करने के बाद ही भरोसा करें। आप अपने जीवन में आ रही समस्याओं के निवारण के लिये **षोडशी त्रिपुर सुन्दरी दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹2100**

**21 से 29 फरवरी तक**-आप धन प्राप्ति के प्रयास में **सफलता** हासिल करेंगे। व्यापार में अग्रसर होने का अवसर प्राप्त होगा। किसी **समारोह** में व्यस्त रहेंगे। आप हर कार्य को व्यवस्थित ढंग से करना चाहेंगे। पुराना फंसा धन इस समय प्रयास करने से प्राप्त हो सकता है। **स्वस्थ शरीर** हेतु **जीवनशैली** में **योग, ध्यान,** आदि शामिल करें। बच्चों के साथ व्यस्त रहेंगे।

**शुभ तिथियाँ 01,09,21,29**



## कर्क

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का पहला दिन **कार्य भार** अधिक रहेगा जिससे मन में हडबडाहट रहेगी। **विद्यार्थियों** के लिये समय **शुभदायक** रहेगा। **संतान पक्ष से सुख मिलेगा।** बड़े -बुजुर्गो का **आशीर्वाद** व स्नेह प्राप्त होगा। **नौकरी पेशा** वर्ग के लिये उन्नति प्राप्त करने का समय है।

**07 से 13 फरवरी तक-परिवार** के लिये समय देना आपकी प्राथमिकता रहेगी। **आकस्मिक धन** प्राप्ति हो सकती है। **सुखदायक** समय व्यतीत करेंगे। आपके काम में कोई **हस्तगत** करना आप पसंद नहीं करेंगे। **वित्तीय मामलों** को लेकर आप गम्भीर रहेंगे और **सफलता** भी हासिल करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी पूर्वक चलायें अन्यथा अपघात हो सकता है। आपको **शिव-गौरी गृहस्थ सुख सौभाग्य वैभव प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करनी चाहिये जिससे **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹ 2600**

**14 से 20 फरवरी तक-**किसी यात्रा पर जा सकते है। **गुरूजनों** के प्रति मन में **आदर का भाव** रहेगा। और उनकी **कृपा** से **यश, पद, प्रतिष्ठा** आदि प्राप्त करेंगे। समय आपके **अनुकूल** है। इस समय शुरू किया हर कार्य सफल होगा। पुराने मित्र से **मुलाकात** हो सकती है।

**21 से 29 फरवरी तक-**समय आपके **प्रतिकूल** है। कार्य पूरे होने में ज्यादा समय लगेगा। **स्वास्थ्य** पर ध्यान दे अन्यथा **अनावश्यक खर्च** आ सकता है। मेहमानों का आगमन होगा। आपकी परेशानी बढ़ जायेगी। व्यापार में **उतार-चढ़ाव** अधिक रहेगा। **जमीन-जायदाद** से संबंधित समस्या किसी **मध्यस्थता** से हल हो जायेंगी।

**शुभ तिथियाँ 01,04,22,28**



## सिंह

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का प्रारम्भ सामान्य रहेगा। आप **धैर्य** व **शान्तिपूर्वक** अपना काम पूरा करेंगे। आपके **विश्वास** और **तेजस्विता** में वृद्धि होगी जिससे **सामाजिक रिश्ते** बेहतर बनेंगे। **आर्थिक स्थिति** में **वृद्धि** होगी। आपमें **आलस्यता** हावी रहेगी। **प्राणायाम** अवश्य करें।

**07 से 13 फरवरी तक- विद्यार्थी वर्ग** अपना पूरा ध्यान **पढ़ाई** पर देंगे। परीक्षा की तैयारी के लिये अतिरिक्त समय निकालेंगे। **व्यापार संबंन्धित** यात्रा हो सकती है। किसी क्षेत्र में आपका **निखार** होगा। आप अपना सम्पर्क का **दायरा** बढ़ायेंगे। आप इस समय अपना रूख नरम रखें साथ ही **अनावश्यक नोंक-झोंक, वाद-विवाद** से दूर रहे या कम से कम अपनी बेकाबू जुबान और **अहं** को नियंत्रित करने की कोशिश करें, अन्यथा **नुकसान** हो सकता है।

**14 से 20 फरवरी तक-**आप अपनी **प्रतिभा, योग्यता** और **क्षमता** का भरपूर इस्तेमाल कर **सफलता** अर्जित कर सकेंगे। जिससे कामकाज में **व्यस्तता** के साथ-साथ दबाव भी रहेगा। **आर्थिक पक्ष** काफी मजबूत बन सकेगा, **बुद्धिमता** व सूझ-बूझ से कुछ ऐसे निर्णय आप कर सकेंगे, जिससे **लाभ** में बढ़ोतरी होगी। अपनी **क्षमता** और **कर्म शक्ति** में निखार लाने हेतु **पूर्णता प्राप्ति पुरूषार्थ दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 2100**

**21 से 29 फरवरी तक-सर्वलाभकारी** समय रहेगा। पति-पत्नी के बीच **मधुरता** रहेगी। आय के दूसरे स्त्रोत के लिये कोशिश जारी रखेंगे। **पैतृक सम्पति** का हिस्सा मिल सकता है। समय आपके प्रतिकूल है **सावधानी** पूर्वक रहे।

**शुभ तिथियाँ 02,06,25,26**



## कन्या

**01 से 06 फरवरी तक- राजकीय कार्य** में **सफलता** प्राप्त होगी। तय किये गये **लक्ष्यों** को प्राप्त करने के लिये **प्रयासरत** रहेंगे। **प्रेम सम्बन्ध** उजागर होने की संभावना है। आप **विजयश्री हरि नारायण श्री शक्ति बाधा निवारण दीक्षा** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके अनुकूल निर्मित होगी। **न्यौछावर ₹ 2100**

**07 से 13 फरवरी तक-**रूका हुआ काम इस समय पूरा हो जायेगा। आप **षड़यंत्र** का शिकार हो सकते है। पदोन्नति में अड़चने आयेगी। कोई **सरकारी विभाग** का काम रूक सकता है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। समय **मिश्रित फलप्रद** रहेगा। किसी पारिवारिक सदस्य से मतभेद हो सकता है। पैसा आने से पहले जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप **सर्व-बाधा आशंका निवारक विजय प्राप्ति एकादशी श्री हरि दीक्षा** ग्रहण करें, विकट परिस्थितियों से बच सकते है। **न्यौछावर ₹ 2600**

**14 से 20 फरवरी तक-**पति-पत्नी में आपसी **प्रेम** व **सहयोग** बनेगा। घर व दफ्तर के कार्यो में आप उलझ कर रह जायेंगे। पैसा आने से पहले जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आपकी मेहनत व परिश्रम तो सार्थक रहेगी। परन्तु **आकस्मिक खर्च** से आप पीड़ित होंगे, **मंगलवार** को **हनुमान जी** को **प्रसाद** चढ़ायें व **दान पुण्य** करें।

**21 से 29 फरवरी तक-**मानसिक शांति मिलेगी। लम्बे समय से चली आ रही **समस्या** दूर होगी। **पति-पत्नी** में आपसी सामंजस्य बनेगा। किसी **प्रभावशाली** व्यक्ति से सम्पर्क बनेगा जिससे आपका **आत्मविश्वास** बढ़ेगा। **व्यावसायिक अनुबंध** होंगे। आप छोटी-छोटी बात पर किसी से उलझ पड़ेंगे। **शत्रुओं** से सतर्क रहें।

**शुभ तिथियाँ 01,19,21,25**

## तुला



**01 से 06 फरवरी तक-** माह का प्रथम दिन **प्रेममय** रहेगा। पति-पत्नी के बीच प्रेम का भाव विद्यमान रहेगा। सास-बहु के बीच कोई **गलतफहमियां** पैदा हो सकती हैं। काम बनता-बनता रूक व अटक जायेगा। नौकरी में **पदोन्नति** का योग बन रहा है। **आर्थिक मामलों** में सतर्क रहे।

**07 से 13 फरवरी तक-**समय आपके प्रतिकूल है। **अनावश्यक कार्यो** में समय व्यतीत होगा। काम का भारी दबाव आप पर बना रहेगा। आप कोई गलत निर्णय लेंगे जिससे आर्थिक रूप से भारी नुकसान हो सकता है। **शत्रु** आपकी परिस्थिति का पूरा फायदा उठायेंगे। **मानसिक पीड़ा** सतायेगी। घर में भी **कलहपूर्ण वातावरण** रहेगा। आप **अमोघ शिव महामृत्युंजय योग-भोग प्रदायक रक्षा सूत्र** ग्रहण करे, **बाधायें भस्म** हो जायेगी। **न्यौ. ₹1500**

**14 से 20 फरवरी तक-**आर्थिक क्षेत्र में किये गये प्रयास **आशातीत फल** प्रदान करेंगे। किसी ऐसे व्यक्ति से भेंट हो सकती है, जो आपके लिये काफी **महत्त्वपूर्ण** साबित होगा। समय **सावधानी** रखने योग्य है। अपने **जीवन स्तर** में सुधार लाने के लिये आय से अधिक खर्च करने से बचें।

**21 से 29 फरवरी तक-** सरकारी कार्यो में **सफलता** प्राप्त होगी। शुभ समाचार मिलेंगें। **निवेश लाभदायक** हो सकता है। दूसरी आय का मार्ग खुलेगा। आपकी कड़ी मेहनत का फल प्राप्त होगा। **कोई नया कार्य शुरू करने के लिये समय उचित है।** आप पूरी निष्ठा से अपने काम को पूर्णता देंगे। साझेदारी के साथ अच्छे संतुलन बिठायेंगे। अधिकारी आपके काम से **संतुष्ट** रहेंगे। समय शुभदायक रहेगा।

**शुभ तिथियाँ** 01,06,10,18

## वृश्चिक



**01 से 06 फरवरी तक-**माह की शुरूआत **अनुकूल** नहीं रहेगी। व्यवसाय में पैसा कहीं पर फंस सकता है। शत्रु सक्रिय रहेंगे। काम में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करे। आप **विजयश्री हरि नारायण श्री शक्ति बाधा निवारण दीक्षा** ग्रहण करें, **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹2100**

**07 से 13 फरवरी तक-** नौकरी पेशा व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नई **संस्थाओं** का सामना करना पड़ेगा। नई संस्थाओं से जुड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाकर **मौज मस्ती** करने के लिये समय निकाल पायेंगे। कोई **शुभ समाचार** प्राप्त हो सकता है। **धार्मिक कार्यो** में व्यस्तता रहेगी। **धनागमन** का योग है। नौकरी में आपको महत्त्वपूर्ण कार्यभार सौंपा जा सकता है।

**14 से 20 फरवरी तक-** आपको **अच्छे-बुरे** की पहचान सहज ही पता चल जायेगी। मौसम के अनुसार खान-पान करे **स्वास्थ्य** ठीक रहेगा। मन में **प्रसन्नता** का भाव रहेगा। हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। धन संबंधी मामलों में धोखा खा सकते है, सावधान रहे।

**21 से 29 फरवरी तक-**इस समय **व्यापार** में कड़ी **प्रतिस्पर्द्धा** रहेगी। आप अपने व्यापार पर अगर गम्भीरता से ध्यान देंगे, तो **लाभ** का रास्ता खुलेगा। लोग आपकी मजबूरी का फायदा उठा सकते है, जरूरत से ज्यादा बात न करे। **घर-परिवार** में **व्यस्तता** अधिक रहेगी। आप दूसरों पर ज्यादा भरोसा नहीं करे। इच्छित कार्य पूर्ण होगा। कोई **अप्रिय समाचार** प्राप्त हो सकता है। बड़े-बड़े व्यक्तियों से आपका सम्पर्क बनेगा जिससे उन्नति भी होगी।

**शुभ तिथियाँ** 03,05,09,13

## धनु



**01 से 06 फरवरी तक-**माह की शुरूआत **शुभदायक** रहेगी। धन आगमन होगा पर स्थायी रूप में नहीं रह पायेगा। सहकर्मी से जो भी **मनमुटाव** था वह समाप्त होगा। मन को सुकून मिलेगा। लम्बे समय से अटके हुये काम इस समय कोशिश करने पर पूरे हो जायेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक-**आप किसी **साजिश, षड़यंत्र** या **गुप्त योजना** के शिकार होंगे। हाथ में पैसा आता-जाता रूक जायेगा। **आर्थिक** परेशानी रहेगी। घर में **कलहपूर्ण वातावरण** रहेगा। **गलतफहमियों** से मन उदास रहेगा। किसी अंजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करे **नुकसान** हो सकता है। **जमीन-जायदाद** संबंधी समस्या किसी **मध्यस्थता** से सुलझा सकते है। आप **षोडशी त्रिपुर सुन्दरी दीक्षा** ग्रहण करें जिससे समस्याओं का निवारण होगा।

**न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 फरवरी तक-**मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी **वरिष्ठ व्यक्ति** से मुलाकात होगी जिससे आपकी उन्नति का मार्ग खुलेगा। **शांतिदायक** दिन रहेगा। देह **कष्ट** या **दुर्घटना** की संभावना है, वाहन चलाते समय सतर्क रहे।

**21 से 29 फरवरी तक-**रोजी-रोजगार में **अनावश्यक बाधायें** आयेगी। अधिकार करने की प्रवृति अधिक रहेगी। **उच्च अध्ययन, अनुसंधान** व **शोध** आदि में व्यस्तता रहेगी। आपका पूरा ध्यान व्यवसाय पर रहेगा। कोई एक बड़ा सौदा प्राप्त हो सकता है। नौकरी पेशा वर्ग के लिये **उन्नति** प्राप्त करने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग ग्राहकों को संतुष्ट बनाने के लिये नयी **योजना** बनायेंगे।

**शुभ तिथियाँ** 06,11,15,25



## मकर

**01 से 06 फरवरी तक**–आप अपने आचरण में **सकारात्मक** बदलाव लायेंगे। मौके को पहचान कर अपनी **उन्नति** के लिये **फायदा** उठायेंगे। **विद्यार्थियों** का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। मन और शरीर में **आलस्य** का भाव रहेगा। आप किसी कारणवश परेशान रहेंगे। आप अपनी समस्याओं के निवारण हेतु **सर्व बाधा आशंका निवारक विजय प्राप्ति एकादशी श्री हरि दीक्षा** ग्रहण करें।

**न्यौछावर ₹2600**

**07 से 13 फरवरी तक**–बड़े बुजुर्गो के **स्वास्थ्य** को लेकर आप **चिंतित** रहेंगे। आप उनका सत्कार आदि करने में व्यस्त रहेंगे। **मनोरंजन, खरीदारी** आदि कार्यो में अधिक धन व्यय होगा, नियंत्रण रखे। आपकी **प्रतिभा** में निखार आयेगा। मेहनत के अनुसार **फल** प्राप्त होगा। कोई उल्लेखनीय काम नहीं हो पायेगा। **दैनिक कार्यो** में आप व्यस्त रहेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक**– **सफलता** के लिये किये गये प्रयासों से मन में **संतुष्टि** महसूस करेंगे। आप किसी नये कार्य की रूपरेखा बना सकते है। हालांकि कुछ **चुनौतियां** तो सामने आयेंगी, लेकिन आप उसका सामना करने के लिये तैयार रहेंगे। **उद्योग-धंधे** से जुड़े जातकों को **आर्थिक लाभ** प्राप्त होगा।

**21 से 29 फरवरी तक**–स्वास्थ्य में **सुधार** होगा। व्यवसाय में सतर्क न रहें तो **नुकसान** हो सकता है। **व्यापार स्थल** का **नवीनीकरण** करने का विचार करेंगे। **काम-काज** में अतिरिक्त जिम्मेदारियां मिलेगी जिससे **व्यक्तिगत जीवन** पर प्रभाव पड़ेगा। इस समय आपको किसी उपहार की प्राप्ति होगी।

**शुभ तिथियाँ 08,13,15,22**



## कुंभ

**01 से 06 फरवरी तक**– इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। आप कहीं **यात्रा** पर जा सकते है। **धन लाभ** होगा। परिवार में **अविवाहित** युवा युवतियों के लिये विवाह सम्बन्धी चर्चा होगी। **श्रेष्ठ जीवनसाथी** हेतु **शिव-गौरी गृहस्थ सुख सौभाग्य वैभव प्राप्ति दीक्षा** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹2600**

**07 से 13 फरवरी तक**–**आध्यात्मिक** जगत आपको **आकर्षित** करेगा। आप किसी **गरीब** और **जरूरतमंद** को मदद करेंगे जिससे मन में **संतुष्टि** व **आनन्द** की प्राप्ति होगी। समय आपके अनुकूल नहीं है। धन संबंधी मामलों में जोर रहेगा। आप **कानूनी पचड़े** या **मुकदमें** में फंस सकते हैं। निकट लोगों के साथ **रिश्तों में खटास** आ सकती है या संबंध टूट सकते है। आप अपने क्रोध पर नियंत्रण रखे।

**14 से 20 फरवरी तक**–आपके प्रयास **सकारात्मक** होंगे। आप जीवन के हर मोर्चे पर अपने को आगे खड़ा पायेंगे। उत्तम सम्पत्तिदायक दिवस रहेगा। जीवनसाथी को कोई मन पसंद उपहार देंगे। **व्यवसायिक साझेदारी** के साथ **गलतफहमी** हो सकती है। समय **सिद्धिदायक** है।

**21 से 29 फरवरी तक**–पुराना अटका पडा काम इस समय पूर्ण होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। समय पूर्ण रूप से **अनुकूल** रहेगा। आपको **धन संबंधी** मामलों में शानदार **सफलता** मिलेगी। आपकी व्यापार/नौकरी के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी शौक रहेगा। आप पहले से कहीं अधिक **अधिकार सम्पन्न** होंगे। **अनावश्यक चिंतनों** से बचना चाहिये।

**शुभ तिथियाँ 10,12,17,26**



## मीन

**01 से 06 फरवरी तक**– यह सप्ताह **शानदार** व्यतीत होगा। **मान-सम्मान** में वृद्धि होगी। आपकी **ईश्वर** में **आस्था** बढ़ जायेगी। **अधिकारीयों से मित्रता लाभप्रद** रहेगी। **प्रशासनिक कार्यो** में **सफलता** प्राप्त होगी। आप इस समय बच्चों की जरूरतों को पूरा करेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक**–आप इस समय **जमीन-जायदाद** का सौदा कर सकते है। घर के लिये कोई **नवीन वस्तु** खरीदेंगे। आप कार्यालय में कोई गलत निर्णय ले लेंगे जिससे उच्चधिकारियों की डाट सुनना पड़ेगी। आपको इस समय **शत्रुओं** से भी बचके रहना है। **भाईयों** व **परिवार** से **सहयोग प्राप्त** होगा। किसी से साधारण विवाद हो सकता है। आप **षोडशी त्रिपुर सुन्दरी दीक्षा** ग्रहण जिससे **समस्याओं** का निवारण होगा। **न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 फरवरी तक**– यह समय **लाभदायक** साबित होगा। आपका पराक्रम **श्रेष्ठ** रहेगा। **कार्य योजनायें** सफल होंगी। **परिश्रम का श्रेष्ठ परिणाम** प्राप्त होगा। **धनागमन** के नये **साधन** मिलेंगे। **करियर** और **व्यवसाय** में **उन्नति** होगी। मन में **प्रसन्नता का भाव** विद्यमान रहेगा।

**21 से 29 फरवरी तक**–**पुरानी समस्याओं** का समाधान हो जायेगा। भाग्य का उदय होगा तथा मन को **सुकून** मिलेगा। **राजनीतिज्ञों** के लिये समय **अनुकूल** रहेगा। **धन प्राप्ति** का समय होगा। **संपति से लाभ, सुखद सूचनायें** प्राप्त होंगी। **आमदनी में वृद्धि** होगी। **यात्रायें सुखद** होंगी। घर में नये मेहमान का आगमन हो सकता है तथा **संतान** द्वारा **शुभ समाचार** प्राप्त होगा।

**शुभ तिथियाँ 13,18,20,23**